# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 03.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को फिर मिली सफलता, झारखंड –ओडिशा सीमा पर जंगली इलाके से ढाई टन विस्फोटक बरामद।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची के बेड़ो में आयोजित वार्षिक पड़हा जतरा महोत्सव में होंगे शामिल, कई मंत्री भी करेंगे शिरकत।
- हजारीबाग जिले में अवैध कोयला खदान में फंसे तीन मजदूरों के शव 13 दिनों के बाद बरामद, रेस्क्यू ऑपरेशन में ग्रामीणों की रही महत्वपूर्ण भूमिका।
- राज्य के मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी, कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंचा, कुछ जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी।
- 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर और जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप के लिए झारखंड टीम के चयन को लेकर ट्रायल 14 जून को।

*****************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। पश्चिमी सिंहभूम और ओडिशा की सीमा पर जंगली इलाके से दोनों राज्यों की पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त सर्च अभियान में ढाई टन से ज्यादा विस्फोटक बरामद किये गये हैं।

*****************

राजधानी रांची के बेड़ो स्थित बाजारटांड़ मैदान में आज वार्षिक पड़हा जतरा सह सभा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। आयोजन का नेतृत्व बिनोवा भावे विवि के पूर्व कुलपति डॉ रवींद्रनाथ भगत करेंगे। इस महोत्सव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे जबकि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और बाल विकास मंत्री चमरा लिंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

*****************

हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड स्थित कंडाबेर गांव में संचालित अवैध कोयला खदान में फंसे तीन मजदूरों के शव 13 दिनों के बाद माइंस से कल देर रात निकाले गये। रेस्क्यू ऑपरेशन में ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्थानीय लोगों ने मृतक के परिजनों को नौकरी और मुआवजा देने की मांग की है।

*****************

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के सैद्धांतिक और दृढ़ रुख के अनुरूप सांसदों के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपने आउटरीच कार्यक्रम के साथ विभिन्न देशों में हैं। यह प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों में आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने का भारत का मजबूत पक्ष रख रहे हैं।

कांग्रेस के सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिका जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल झारखंड के सांसद सरफराज अहमद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जहां भी हम गए, हमें सरकार में बैठे लोगों और राजनयिकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। सभी आतंकवाद के खिलाफ हैं।

इधर, भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और अल्जीरिया का दौरा करने के बाद आज स्वदेश लौट आया है। प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे झारखंड के सांसद निशिकांत दुबे ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपने मकसद में कामयाब रहा है।

*****************

कोडरमा जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी की मौत हो गयी है। पुलिस टीम पर पत्थरबाजी करने के आरोप में वह जेल में बंद था। बताया जाता है कि उसे टीबी की बीमारी और कल शाम उसे सांस लेने में हो रही दिक्कत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गयी। प्रभारी जेल अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि कैदी के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गयी है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए पूरा राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को सलाम कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान अविश्वसनीय बहादुरी का प्रदर्शन किया था।

*****************

जैक इंटर साइंस की परीक्षा में बोकारो में एक किसान के बेटे ने राज्य में तीसरा और जिले में पहला स्थान हासिल किया है।

*****************

आज सुबह घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी मिले जुले वैश्विक संकेतों के बीच लगभग आधा प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 392 अंक गिरकर 81 हजार 982 पर और निफ्टी 112 अंक गिरकर 24 हजार 605 पर आ गया।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नब्बे हजार चार सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख पांच हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

- पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।
- लातेहार जिले में अज्ञात अपराधियों ने एक महिला की गोली मार कर हत्या कर दी है। महिला का शव आज उसके घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर खेत से मिला है।
- *****************

राज्य में मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। कई जिलों में जहां तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है, वहीं कुछ जिलों में आज भी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*****************

15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर और जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप के लिए झारखंड महिला हॉकी टीम के चयन को लेकर ट्रायल का आयोजन 14 जून को होगा। जानकारी के अनुसार यह ट्रायल सुबह आठ बजे से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित होगा। चैंपियनशिप 3 से 14 जुलाई तक रांची में होगी।

*****************